


## राजनीतिक

- **डायरी में मिठाई पैकेट वितरण का भी जिक्र ?**

कथित तौर पर एक सत्तारूढ़ राजनीतिक दल मीडियाकर्मियों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण लोगों को मुफ्त सुविधाएं देता है। ऐसा कहा जाता है कि एक जांच एजेंसी ने कथित तौर पर डायरी बरामद की थी और वे यह देखकर आश्चर्यचकित रह गए कि घटना में उन लोगों के नाम भी उल्लेखित हैं जिन्हें कथित तौर पर मिठाई के पैकेट दिए गए थे।

- **क्या लोकसभा चुनाव के बाद गिर जाएगी पंजाब सरकार ?**

ऐसी अफवाहें जोरों पर हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद पंजाब सरकार गिर जाएगी। अफवाह यह है कि कुछ मंत्री पहले से ही भाजपा आकाओं के संपर्क में हैं। कोई इंतजार कर सकता है और दिल्ली के घटनाक्रम को देख सकता है।

## प्रशासनिक



- **क्या राव होंगे आंध्र प्रदेश के नए डीजीपी?**

डी तिरुमाला राव को आंध्र प्रदेश का नया डीजीपी नियुक्त किए जाने की संभावना है। वह आंध्र प्रदेश कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।



- **हिमाचल के डीजीपी संजय कुंडू सेवानिवृत्त होंगे**

हिमाचल प्रदेश के डीजीपी संजय कुंडू इस माह के अंत में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वह हिमाचल प्रदेश कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।



- **यूपीए सरकार में रघुराम राजन होंगे वित्त मंत्री?**

कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेताओं का मानना है कि अगर यूपीए सरकार सत्ता में आती है तो पूर्व आरबीआई गवर्नर रघुराम राजन वित्त मंत्री होंगे।

- **सौरभ गर्ग सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन सचिव भी**



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सचिव सौरभ गर्ग को सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वह उड़ीसा कैडर के 1991 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

- **डॉ. जीपी सामंत का सचिव, सांख्यिकी और कार्यक्रम छोटा सा कार्यकाल समाप्त**

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव के रूप में डॉ. जीपी सामंत का कार्यकाल समाप्त हो गया।

- **राजनेताओं का समर्थन करने वाले 106 सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ ईसीआई की कार्रवाई**

भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने 106 सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है, क्योंकि उन्हें चुनाव प्रचार में राजनेताओं की सहायता करते हुए आचार संहिता और निर्देशों का उल्लंघन करते हुए पाया गया था।

- **चुनाव से पहले अब तक की सबसे अधिक नकदी जब्त**

प्रवर्तन एजेंसियों ने पांच राज्यों में लोकसभा विधानसभा चुनाव शुरू होने से पहले रिकॉर्ड 4,650 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती की है। चुनाव आयोग ने कहा है, यह 2019 में पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान जब्त किए गए 3,475 करोड़ रुपये से अधिक है।

- **विवेक अग्रवाल को एफआईयू के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार**



अतिरिक्त सचिव, राजस्व विवेक अग्रवाल को निदेशक, वित्त आसूचना इकाई-भारत के अतिरिक्त प्रभार की अवधि छह महीने की अवधि के लिए 29 सितंबर, 2024 तक बढ़ा दी गई है। वह मप्र कैडर के 1994 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

- **सुश्री यतिंदर प्रसाद का केंद्रीय प्रतिनियुक्ति कार्यकाल बढ़ाया गया**

जनजातीय मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव और एफए के रूप में कार्यरत सुश्री यतिंदर प्रसाद का केंद्रीय प्रतिनियुक्ति कार्यकाल 4 अगस्त, 2024 से दो साल की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है। वह 1993 बैच की आईए और एएस अधिकारी हैं।

- **अनूप सत्पथी ने पीसीओएम, एनईआर का पदभार संभाला**

अनूप सत्पथी ने उत्तर पूर्व रेलवे (एनईआर) के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक (पीसीओएम) का पदभार संभाला है। वह 1993 बैच के आईआरटीएस अधिकारी हैं।

- **पीके गोयल सरकार द्वारा नामित निदेशक, एनआईए, एनआईसीएल, आईएआई काउंसिल नियुक्त**

वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के संयुक्त सचिव प्रशांत कुमार गोयल को राष्ट्रीय बीमा अकादमी (एनआईए), राष्ट्रीय बीमा कंपनी लिमिटेड (एनआईसीएल) के बोर्ड में सरकार द्वारा नामित निदेशक और सदस्य के रूप में नामित किया गया है। भारतीय बीमांकिक संस्थान (आईएआई) की परिषद।

- **सुश्री पूजा हाली एनजीएमए उप सचिव के नियुक्त**

सुश्री पूजा हाली को संस्कृति मंत्रालय के तहत एनजीएमए, दिल्ली में उप सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। वह 2011 बैच की आईआरएस-आईटी अधिकारी हैं।



- **सुश्री निधि चौधरी एनजीएमए के उप सचिव नियुक्त**

सुश्री निधि चौधरी को संस्कृति मंत्रालय के तहत एनजीएमए, मुंबई में उप सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। वह महाराष्ट्र कैडर की 2012 बैच की आईएएस अधिकारी हैं।



- **सुश्री प्रियंका मैरी फ्रांसिस एनजीएमए के निदेशक नियुक्त**

सुश्री प्रियंका मैरी फ्रांसिस को संस्कृति मंत्रालय के तहत एनजीएमए, बेंगलुरु में निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। वह कर्नाटक कैडर की 2009 बैच की आईएएस अधिकारी हैं।

# चैत्र नवरात्र: आठवें दिन मां अन्नपूर्णा और मंगला गौरी के मंदिर में दर्शन पूजन के लिए उमड़ी भीड़

## महिलाओं ने देवी को नारियल,अड़हुल की माला,सुहाग की सामग्री अर्पित की

वाराणसी

**वासंतिक चैत्र नवरात्र में बाबा विश्वनाथ की नगरी आदिशक्ति की आराधना में लीन है। नवरात्र के आठवें दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं ने नवगौरी के दर्शन में मंगला गौरी और नवदुर्गा के दर्शन के क्रम में महागौरी मां अन्नपूर्णा के दरबार में पूरे श्रद्धा के साथ हाजिरी लगाई और विधि विधान से दर्शन पूजन किया।**



महागौरी मां अन्नपूर्णा के दरबार में आधी रात के बाद से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर के निकट स्थित माता अन्नपूर्णा के मंदिर में पीठाधीश्वर महंत शंकरपुरी महाराज ने भोर में देवी के विग्रह को पंचामृत स्नान कराया। विग्रह को नूतन वस्त्र, आभूषण एवं अलंकार के साथ अड़हुल के 108 फूलों वाली माला अर्पित कर श्रृंगार किया। माता के विग्रह को भोग लगाने के बाद उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाआरती की। इसके बाद मंदिर के पट भक्तों के लिए खोल दिए गए। भोर से ही दर्शनार्थियों की कतार दर्शन के लिए लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने दरबार में 11 से 108 बार तक परिक्रमा (फेरी) की।

काशी में ऐसी मान्यता है कि सच्चे मन से महागौरी की पूजा की जाए तो सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। माता की कृपा से समस्त लौकिक-अलौकिक सिद्धियां प्राप्त होती हैं। मां महागौरी का परम ऐश्वर्य सिद्धि मंत्र- सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते।। मंत्र का जाप सबका कल्याण करता है। इसी क्रम में नौ गौरी के पूजन के लिए श्रद्धालु पंचगंगा घाट के समीप स्थित मंगला गौरी के दरबार में पहुंचे। मंगलाकारिणी मंगला गौरी के दरबार में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भोर में मंदिर के महंत के सानिध्य में अर्चकों ने देवी के विग्रह को पंचामृत स्नान कराने के बाद नूतन वस्त्र, आभूषण धारण कराया। इसके बाद भोग अर्पित कर महाआरती की। काशी में मां मंगला गौरी सुहाग की देवी के रूप में पूजित है। ऐसे में सुहागिन महिलाओं ने देवी को नारियल और अड़हुल की माला के साथ सुहाग की सामग्री समर्पित कर अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा।

मंगला गौरी के मंदिर में भी गौरीगभस्तीश्वर महादेव का मंदिर भी है। भगवान सूर्य ने यहीं तपस्या की थी। तपस्या के दौरान भगवान सूर्य के पसीने से ही यहां किरणा नदी का उद्गम हुआ था। किरणा पंचगंगा की पांच नदियों में से एक है। पंचगंगा में शेष नदियां गंगा, यमुना, सरस्वती और धूतपापा हैं।

# केशव भवन कार्यालय में स्वयं सेवकों ने किया कन्या पूजन



लखनऊ

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ( आरएसएस ) के केशव भवन कार्यालय में चैत्र नवरात्रि के अष्टमी तिथि पर स्वयंसेवकों ने कन्या पूजन किया। स्वयंसेवकों ने देवी स्वरूपा कन्याओं के पैर धोए और उन्हें पंक्ति में बैठाकर फलाहार कराया।**

पूजन के बाद कन्याओं को उपहार देकर स्वयंसेवकों ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर केशव भवन कार्यालय के प्रमुख व प्रचारक हरिशंकर ने नवरात्रि में कन्या पूजन की लोक मान्यताओं के बारे में बताया कि कन्या को मां दुर्गा का स्वरुप माना गया है। नवरात्रि में कन्या पूजन करने से व्रत रखने वाले लोगों को उपवास का भी फल मिलता है। उन्होंने बताया कि देवी भागवत पुराण में पढ़ने में आता है कि एक बार देवताओं के राजा इन्द्र ने भगवान ब्रह्मा जी से मां जगदम्बा भगवती को प्रसन्न कराने की विधि पूछा था। तभी भगवान ब्रह्मा जी ने कन्या पूजन की जानकारी दी थी। जिसे इन्द्र ने किया और इसके बाद आज तक सभी व्रत रखने वाले करते आ रहे है। केशव भवन में कन्या पूजन में उपस्थित रहे डीएन तिवारी ने स्वयंसेवकों में प्रसाद वितरण किया।

# पीएमश्री योजना से कानपुर के 24 स्कूलों की बदलेगी सूरत

कानपुर

**प्रधानमंत्री श्री योजना (प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) के तहत कानपुर जिले में सरकार द्वारा संचालित 24 परिषदीय स्कूलों को मॉडल स्कूल बनाया जाएगा। यह परिवर्तन नई शिक्षा नीति के तहत किया जा रहा है। दो चरणों में कुल 24 विद्यालयों का चयन हो चुका है। यह जानकारी मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कानपुर सुरजीत कुमार सिंह ने दी।**

उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय के विकास में दो-दो करोड़ रुपये खर्च किया जाएग। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त विद्यालय अब निजी स्कूलों की तर्ज पर संचालित होंगे। भारत सरकार की यह महत्वाकांक्षी




योजना प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया के तहत पहले चरण में कानपुर में 11 और दूसरे चरण में 13 परिषदीय विद्यालय शामिल किए गये हैं। विद्यालयों में विकास के तहत क्लास रूम, खेल मैदान, लैब, बाल वाटिका सहित अन्य अत्याधुनिक संसाधनों तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही इन विद्यालयों में शिक्षा क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन लाने की तैयारी सरकार ने की है। उन्होंने बताया कि पीएम श्री स्कूलों के लिए केन्द्र सरकार दो-दो करोड़ रुपये मुहैया कराएगी। इस पर तेजी से कार्य जारी है।

# शत-प्रतिशत मतदान के लिए नगर निगम कर्मियों ने मतदाताओं को किया जागरुक

लखनऊ

**लखनऊ नगर निगम के कर्मियों की ओर से लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है। लखनऊ में ठाकुरगंज स्थित बसंत विहार कालोनी, महानगर कालोनी के पार्क, चंद्रलोक कालोनी के नगर निगम के निर्वाचन में ड्यूटी कर रहे कर्मियों ने स्थानीय लोगों को एक स्थान पर एकत्रित कर मतदान संबंधित जानकारी दी। मतदाताओं को नगर निगम कर्मियों ने बताया कि मतदाता सुबह ही अपने मत का उपयोग करने निकलेंगे तो अच्छा रहेगा। अपने बूथ की जानकारी कर लें और पहचान पत्र लेकर समूह में एक साथ मतदान केन्द्र जाये।**




उन्होंने जागरुक करते हुए कहा कि वर्तमान समय में मतदाता सूची में कुछ नाम जोड़े गये हैं। नये मतदाता अपने नाम को सूची में जांच कर लें, जिससे मतदान दिवस के दिन समस्या ना होने पाये। कर्मियों ने बताया कि बूथ के निकट अपने वाहन से जा सकते हैं। मतदान स्थल पर दिव्यांग जन और महिलाओं के लिए अलग से पंक्ति लगायी जायेगी। जिससे उन्हें मतदान में कोई असुविधा ना होने पाये।

इस दौरान चंद्रलोक कालोनी में लोगों ने नगर निगम कर्मियों से बताया कि कुछ लोगों के नाम नहीं पाये हैं। वर्तमान समय में कुछ लोगों के नाम मतदाता सूची से बाहर हो गये हैं। ऐसे में एक परिवार का नाम ही सूची से बाहर है। जिन्हें पुन: जोड़ने के लिए फार्म भरवाया गया है। अभी तक मतदाता सूची में नाम जुड़ने की कोई सूचना नहीं मिली है।

**कार्यालय तहसीलदार नजूल वृत्त गोविन्दपुरा भोपाल**
**(पुराना आर.टी.ओ. कार्यालय भोपाल)**
**प्रकरण क्रमांक /अ-6/23-24**

**आम सूचना**

आवेदिका श्रीमती रीमा लकरा, प्रीती लाल एवं नेहा इरिस पुत्रीगण श्री ग्लेडविन लाल निवासीगण मकान नंबर सी-59 न्यू मिनाल रेसीडेंसी जे.के. रोड भोपाल द्वारा म.प्र. भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज ई-पंजीयन क्रमांक एमपी 059712016ए 1352376 दिनांक 14.06.2016 के आधार पर क्रय की गई भूमि खसरा क्रमांक 201/2, 202 में से रकबा 1080 वर्गफिट अर्थात 100.37 वर्गमीटर स्थित ग्राम दामखेड़ा तहसील हुजूर जिला भोपाल का फौती नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन के साथ संलग्न रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत की गई है। अतएवं एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति 15 दिवस में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। मेरी पद मुद्रा से आज दिनांक को जारी।

**तहसीलदार**
**एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
172 **नजूल वृत्त गोविन्दपुरा भोपाल**

**कार्यालय तहसीलदार नजूल वृत्त गोविन्दपुरा भोपाल**
**(पुराना आर.टी.ओ. कार्यालय भोपाल)**
**प्रकरण क्रमांक/अ-6/23-24**

**आम सूचना**

आवेदिका श्रीमती सुखविन्दर कौर पुत्र स्व. गुरमेल सिंह पत्नी श्री परमजीत सिंह निवासी 123 दामखेड़ा मिनाल गेट नंबर 5, के. सामने बायपास रोड भोपाल म.प्र. द्वारा म.प्र. भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज ई-पंजीयन क्रमांक एमपी 059712021ए 3588523 दिनांक 14.07.2021 के द्वारा वसीयत की गई भूमि खसरा क्रमांक 171, 172/3 में से रकबा 800 वर्गफिट अर्थात 74.34 वर्गमीटर ग्राम दामखेड़ा तहसील हुजूर जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदिका के नाम किए जाने का अनुरोध किया गया है। आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ संलग्न रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत की गई है। अतएवं एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति 15 दिवस में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। मेरी पद मुद्रा से आज दिनांक 16.04.2024 को जारी।

**तहसीलदार**
173 **नजूल वृत्त गोविन्दपुरा भोपाल**

**कार्यालय तहसीलदार नजूल वृत्त गोविन्दपुरा भोपाल**
**(पुराना आर.टी.ओ. कार्यालय भोपाल)**
**प्रकरण क्रमांक/अ-6/23-24**

**आम सूचना**

आवेदिका श्रीमती सुखविन्दर कौर पुत्री स्व. गुरमेल सिंह पत्नी श्री परमजीत सिंह निवासी 123 दामखेड़ा मिनाल गेट नंबर 5, के. सामने बायपास रोड भोपाल म.प्र. द्वारा म.प्र. भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज ई-पंजीयन क्रमांक एमपी059712023ए 31031895 दिनांक 20.10.2022 के द्वारा वसीयत की गई भूमि खसरा क्रमांक 171/3 172 में से रकबा 1500 वर्गफिट अर्थात 139.40 वर्गमीटर ग्राम दामखेड़ा तहसील हुजूर जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदिका के नाम किए जाने का अनुरोध किया गया है। आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ संलग्न रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत की गई है। अतएवं एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति 15 दिवस में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। मेरी पद मुद्रा से आज दिनांक 16.04.2024 को जारी।

**तहसीलदार**
174 **नजूल वृत्त गोविन्दपुरा भोपाल**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तहसील हुजूर जिला भोपाल**
**क्रमांक 84/अपील/2023-24**
**भोपाल दिनांक 04.2024**

**सूचना पत्र**

प्रति, 1. श्रीमती परवीन खान पत्नी नियामत उल्ला हासमी, 2. नियाम उल्ला हास्मी आ. बरकत उल्ला खान, दोनों निवासी मकान नंबर 110 सी सेक्टर ब्राईट कालोनी ईदगाह हिल्स भोपाल। एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थीगण श्रीमती मुन्नीबाई उर्फ ग्यारसी बाई पुत्र स्व. भबूत सिंह पत्नी स्व. मंगल सिंह निवासी मकान नंबर 229 विदिशा मार्ग कल्याण नगर कुटीर नगर भोपाल श्रीमती लीलाबाई पुत्र स्व. भबूत सिंह पत्नी जसवंत सिंह राजपूत निवासी मकान नंबर 82 सुन्दर नगर कालोनी छोला तहसील हुजूर भोपाल व अन्य द्वारा ग्राम पिपलिया जाहिरपीर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 77/2, रकबा 0.16 हे. एवं खसरा क्रमांक 96 रकबा 1.40 हे. कुल रकबा 1.56 हे. भूमि के संबंध में प्रकरण क्रमांक 405/अ-6/2005-06 में पारित आदेश दिनांक 24.7.2006 एवं नामान्तरण पंजी. क्रमांक 03 प्रमाणीकरण दिनांक 24.08.2006 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। जिसकी पेशी दिनांक 26.04.2024 नियत है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार हैं। अत: उक्त संबंध में नियत पेशी दिनांक 26.04.2024 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन जवाब प्रस्तुत कर सकते हैं। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में विधि अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
175 **तहसील हुजूर, भोपाल**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तहसील हुजूर जिला भोपाल**
**क्रमांक 86/अपील/2023-24**
**भोपाल दिनांक 04.2024**

**सूचना पत्र**

प्रति, 1. तस्दीक उल्ला आ. अतीक निवासी म.नं. 18 लेलाबुर्ज रोड खजांची गली बुधवारा भोपाल। एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थीगण श्रीमती मुन्नीबाई उर्फ ग्यारसी बाई पुत्र स्व. भबूत सिंह पत्नी स्व. मंगल सिंह निवासी मकान नंबर 229 विदिशा मार्ग कल्याण नगर कुटीर नगर भोपाल श्रीमती लीलाबाई पुत्र स्व. भबूत सिंह पत्नी जसवंत सिंह राजपूत निवासी मकान नंबर 82 सुन्दर नगर कालोनी छोला तहसील हुजूर भोपाल व अन्य द्वारा ग्राम पिपलिया जाहिरपीर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 77/2, रकबा 0.16 हे. एवं खसरा क्रमांक 96 रकबा 1.40 हे. कुल रकबा 1.56 हे. भूमि के संबंध में प्रकरण क्रमांक 404/अ-6/2005-06 में पारित आदेश दिनांक 24.7.2006 एवं नामान्तरण पंजी. क्रमांक 04 प्रमाणीकरण दिनांक 24.08.2006 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। जिसकी पेशी दिनांक 26.04.2024 नियत है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार हैं। अत: उक्त संबंध में नियत पेशी दिनांक 26.04.2024 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन जवाब प्रस्तुत कर सकते हैं। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में विधि अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
176 **तहसील हुजूर, भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त एम.पी. नगर भोपाल मध्यप्रदेश**
**(7 नंबर बस स्टाप स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास, शिवाजी नगर भोपाल)**

**इश्तहार**

**ग्राम- बरखेड़ापठानी**
**प्रकरण क्र. 3447/अ-6/2023-24**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित भूमि के नामांतरण कार्यवाही स्तम्भ 04 में अंकित के स्थान पर स्तम्भ 5 में अंकित व्यक्ति के नाम की जा रही है। अत: उक्त नामांतरण में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वयं किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हों तथा नामांतरण में कोई आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें।
**क्रेता-** श्रीमती विनीता रजक पत्नी श्री कृष्णकुमार रजक, **विक्रेता-** मनोज साहू, अनुपम साहू, जितेन्द्र साहू, पुत्रगण मनोज साहू।

**भूमि का विवरण**

स.क्र. 1, 1, पटवारी हल्का क्रमांक/सेक्टर क्रमांक (2) बरखेड़ा पठानी, ग्राम/नगरीय क्षेत्र का नाम (3) बरखेड़ा पठानी, सर्वेक्षण संख्यांक/ब्लॉक संख्यांक/भूखण्ड संख्यांक (4) 287/1, 291/ख, क्षेत्रफल (हेक्टेयर/ वर्गमीटर में) (5) 0.5586 हे., नामांतरण हेतु भूमि का क्षेत्रफल (6) 1110 वर्गफिट।
नियत दिनांक 30/4/24 के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 15.4.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार**
177 **एम.पी. नगर वृत्त भोपाल**

**न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त जिला भोपाल (म.प्र.)**
**(पुराना जिला पंचायत भवन, जिला भोपाल)**
**क्रमांक/अ-6/2023-24 भोपाल दिनांक 16.04.24**
**नजूल/प्रवा./बैरागढ़ वृत्त/2024**

**सूचना पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सैय्यद इश्तियाक अली आ. सैय्यद इफ्तेखार अली निवासी म.नं. 06 गली नंबर 03 गिन्नौरी मस्जिद , मदारुल मुहाम, तहसील हुजूर जिला भोपाल द्वारा ग्राम पलासी स्थित खसरा क्रमांक 138/2/2/22 अंश भाग रकबा 0.24 एकड़ भूमि का नामांतरण कराने विषयक आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में प्रकरण क्रमांक ../अ-6/2023-24 विचाराधीन है। आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में मोहम्मद शाकिर आ. मोहम्मद रशीद निवासी कृषक ग्राम पलासी तहसील हुजूर जिला भोपाल के नाम भूमि स्वामी स्वत्व पर दर्ज है। अत: उपरोक्त प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में विधिक कार्यवाही किए जाने पर यदि किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 10 दिवस के भीतर स्वयं अथवा मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, तत्पश्चात प्राप्त आपत्ति ग्राह्य योग्य नहीं होगी। यह सूचना पत्र आज दिनांक 16.4.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
178 **संत हिरदाराम नगर वृत्त 1 भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त जिला भोपाल (म.प्र.)**
**(पुराना जिला पंचायत भवन, जिला भोपाल)**
**0002 /अ-3/2024-25 भोपाल दिनांक 15.04.24**
**क्रमांक/ नजूल//बैरागढ़ वृत्त/2024**

**सूचना पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल कुमार आसवानी आर.के. आसवानी नि. शहर बटान करने विषयक आवेदन पत्र प्रस्तुतद कर ग्राम लाऊखेड़ी तहसील हुजूर भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 209/2 रकबा 12000 वर्गफिट भूमि का बटान करने का निवेदन किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायलय में विचाराधीन है। आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में अनिल कुमार आसवानी के नाम भूमि स्वामी स्वत्व पर दर्ज है। अत: उपरोक्त प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में विधिक कार्यवाही किए जाने पर यदि किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, तत्पश्चात प्राप्त आपत्ति ग्राह्य योग्य नहीं होगी। यह सूचना पत्र आज दिनांक 15.4.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
179 **संत हिरदाराम नगर वृत्त 1 भोपाल**

# आपका राशिफल 17 अप्रैल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को ह): अपने काम की प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में असावधानी ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ पैरों में पीड़ा हो सकती है। शुभांक 4 7 9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-4-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): संतोषजनक सफलता मिलेगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-4-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): परिवारजन का सहयोग व सामन्जस्य काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-5-6-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्यवकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक 2 6 9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-5-6-8